केन्द्रीय विद्यालय द्वारका

रुकमनी मंदिर के पास, द्वारका-361335, गुजरात (दूरभाष: 02892-236555)

चल-साक्षात्कार सूचना

वर्ष 2024-25 के लिए अंशकालिक संविदा शिक्षकों का पैनल बनाने हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक **19.09.2024** को **प्रातः 8:30** बजे से केंद्रीय विद्यालय द्वारका परिसर में आयोजित किया जाना है।
पंजीकरण का समय: प्रातः 08:30 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक।

क्रमांक	पद
1.	स्नातकोत्तर शिक्षक (विषय: लेखा और व्यवसाय अध्ययन, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिंदी, कंप्यूटर विज्ञान)
2.	प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (विषय: गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत)
3.	प्राथमिक शिक्षक/बालवाटिका शिक्षक
4.	कंप्यूटर प्रशिक्षक (कक्षा **III** से **V** एवम् कक्षा **VI** से **X** के लिए)
5.	खेल एवं खेल प्रशिक्षक
6.	काउंसलर
7.	योग प्रशिक्षक
8.	महिला नर्स

महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. इच्छुक एवं योग्य आवेदक आवेदन पत्र के प्रारूप को विद्यालय के वेबसाइट **www.dwarkagujarat.kvs.ac.in** से डाउनलोड करें एवं भरे हुए प्रारूप के साथ साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हों ।
2. अलग -अलग पद हेतु अलग-अलग आवेदन करना होगा ।
3. जिस विषय में अधिक अभ्यर्थी होंगे उनकी स्क्रीनिंग के लिए लिखित परीक्षा / प्रेक्टिकल टेस्ट/डेमो क्लास का आयोजन किया जा सकता है ।
4. साक्षात्कार के समय शैक्षणिक योग्यताओं के मूल प्रमाण-पत्रों के साथ एक सेट छायाप्रति एवं फोटो व फोटो पहचान पत्र की मूल व छायाप्रति अवश्य लाएं ।
5. साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा एवं दैनिक भत्ता देय नहीं होगा ।
6. नियुक्ति एवं सेवा अवधि विद्यालय की आवश्यकतानुसार होगी । साक्षात्कार को अंतिम चयन न समझा जाए ।
7. उपरोक्त पदों हेतु अभ्यथियों की आयु सीमा **18** से **65** वर्ष होगी ।
8. चयनित अभ्यर्थी को अपना पुलिस सत्यापन जमा करना होगा ।
9. पैनल बनाने के बाद अभ्यर्थियों को रिक्तियों के अनुसार मेरिट के अनुसार बुलाया जाएगा । यह पैनल सत्र **2024-2025** तक के लिए वैध होगा ।
10. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि विभिन्न पदों हेतु अहर्ताओं एवं शैक्षिक योग्यताओं संबंधी सूचनाओं संबंधित जानकारी एवं अन्य कोई सूचनाओं हेतु विद्यालय वेबसाइट **www.dwarkagujarat.kvs.ac.in** का निरंतर अवलोकन करते रहें ।

प्राचार्य, केंद्रीय विदयालय द्वारका